सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**

**राजभवन देहरादून 12 जुलाई, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से आज राजभवन में मर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार जोशी ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान डॉ. जोशी ने मर्म चिकित्सा की विशेषताओं, इसकी पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के महत्व और आधुनिक चिकित्सा प्रणाली में इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी।

राज्यपाल ने कहा कि मर्म चिकित्सा भारत की गौरवशाली चिकित्सा परंपरा का हिस्सा रही है। यह न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और ऊर्जा संतुलन के लिए भी लाभकारी मानी जाती है। उन्होंने कहा कि यह पद्धति आम लोगों के लिए बहुत उपयोगी हो सकती है, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहाँ आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं सीमित हैं। उन्होंने मर्म चिकित्सा को जन–सामान्य तक पहुँचाने और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

..........0..........